14 13/04/26

उत्तराखण्ड शासन
राजस्व अनुभाग–1
सख्या – 385672 /XVIII(1)/2026-E-89382
देहरादूनः दिनांकः 08 अप्रैल, 2026

अधिसूचना

CAO (Sec-1)

चूंकि, उत्तराखण्ड (उत्तर प्रदेश भू–राजस्व अधिनियम, 1901) (अनुकूलन एवं उपान्तरण) आदेश, 2001 की धारा 11 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के अधीन और पूर्व में इस निमित्त जारी की गयी सरकारी अधिसूचनाओं में आंशिक उपान्तरण, करते हुए अधिसूचना संख्याः 1028/XVIII(1)/2014-02(09)/2014, दिनांक 31.01.2015 द्वारा उक्त अधिसूचना की अनुसूची में विनिर्दिष्ट ग्रामों को मिलाकर जिला चम्पावत में ''छीड़ाखाल'' मुख्यालय के साथ ''पुल्ला गुमदेश'' ज्ञात नाम से एक नई उप तहसील सृजित की गयी थी;

15/04/26

JDC

10/4/26

और चूंकि, उक्त अधिसूचना को आंशिक रूप से संशोधित करते हुए अधिसूचना संख्याः 570/XVIII(1)/2015-02(09)/2014, दिनांक 15.06.2015 द्वारा उप तहसील **"पुल्ला गुमदेश"** का मुख्यालय ''छीड़ाखाल'' के स्थान पर **"गुरेली"** में स्थापित किया गया था ;

अतएव अब, राज्यपाल उत्तर प्रदेश साधारण खण्ड अधिनियम, 1904 (उत्तराखण्ड राज्य में यथा प्रवृत्त) की धारा 21 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त अधिसूचनाओं दिनांक 31.01.2015 एवं दिनांक 15.06.2015 को आंशिक रूप से संशोधित करते हुए जिला चम्पावत में उप तहसील **"पुल्ला गुमदेश"** के मुख्यालय को **"गुरेली"** के स्थान पर **"किमतोली"** में स्थापित किये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं ;

2. राज्यपाल यह भी निर्दिष्ट करते हैं कि उक्त अधिसूचनाएं दिनांक 31.01.2015 एवं दिनांक 15.06.2015 इस सीमा तक संशोधित समझी जायेंगी।

Digitally signed by
Surendra Narayan Pandey
Date: 07-04-2026
21:21:48

आज्ञा से,

(डॉ0 सुरेन्द्र नारायण पाण्डे)
सचिव

संख्या– (1)/XVIII(1)/2026-E-89382, तददिनांक।

प्रतिलिपि अधिसूचना के अंग्रेजी अनुवाद सहित संयुक्त निदेशक, राजकीय मुद्रणालय, रुड़की को इस आशय से प्रेषित कि वे कृपया इसे विधायी परिशिष्ट भाग–4, खण्ड–ख परिनियत आदेश में प्रकाशित कराकर मुद्रित अधिसूचना की 100 प्रतियां राजस्व विभाग, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

आज्ञा से,

(अर्पण कुमार राजू)
संयुक्त सचिव

संख्या– 385672 (2)/XVIII(1)/2026-E-89382, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. मा0 अध्यक्ष, राजस्व परिषद उत्तराखण्ड, देहरादून।
2. आयुक्त एवं सचिव, राजस्व परिषद उत्तराखण्ड, देहरादून।
3. आयुक्त, गढ़वाल / कुमाऊँ मण्डल, पौड़ी / नैनीताल।
4. समस्त जिलाधिकारी, उत्तराखण्ड।
5. निदेशक सूचना निदेशालय, उत्तराखण्ड।
6. निदेशक, एन0आई0सी0, उत्तराखण्ड।
7. गार्ड फाईल।

Digitally signed by
Arpan Kumar Raju
Date: 08-04-2026
11:54:27

आज्ञा से,

(अर्पण कुमार राजू)
संयुक्त सचिव